# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

**मासिक आख्या मई 2024**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2021** **दिनांक – 01 जून 2024**

**दिनांक 02.05.2024 को ज्ञानसू के उपर सिविल भूमि मे आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन** केन्द्र को प्राप्त होते ही वन विभाग की टीम, पुलिस, एस0डी0आर0एफ0 टीम को सूचना से अवगत करते हुए घटना स्थल के लिए रवाना किया गया आग को उक्त टीम द्वारा काबू किया गया।






दिनांक 03.05.2024 को बंसुगा गांव के उपर जंगल मे आग लगने की सुचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त हेते ही उक्त स्थान के लिए वन विभाग की टीम एंव क्यू0 आर0टी0 टीम सूचना से अवगत कराते हुए मौके के लिए रवाना किया गया आग पर उक्त टीमो के द्वारा कंट्रेल किया गया।






दिनांक 03.05.2024 को महिडांडा के उपर जंगल मे आग लगने की सुचना जनपद आपातकालीन परिचालन केल्द्र को प्राप्त हेते ही उक्त स्थान के लिए वन विभाग की टीम के द्वारा आग को काबू किया गया।



दिनांक 03.05.2024 को मास्टर कंट्रोल रुम द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को अवगत कराया गया कि साल्ड के जंगल मे वनअग्नि की सूचना प्राप्त हुयी उक्त स्थान के लिए वन विभाग की टीम और आपदा प्रबन्धन क्यू0आर0टी0 की टीम को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। आग को उक्त टीमो के द्वारा काबू किया गया।







दिनांक 04.05.2024 को राजकीय पॉलिटेक्निक उत्तरकाशी परिसर मे 49 प्रशिक्षुक राजस्व उप निरीक्षको को आपदा प्रबन्धन द्वारा एक दिवसीय आपदा प्रबंधन संबधी/प्राथमिक उपचार/वन अग्नि /सेटेलाइट फोन संचालन विधि/आपदा संबंधी मॉक अभ्यास एंव खोज–बचाव उपकरणों आदि का प्रशिक्षण दिया गया।












दिनांक 05.05.2024 को रानाडी डुण्डा रेज और दिलसौड मुखेम रेंज में जंगल मे आग लगने की सूचना जनपद आपात कालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही वन विभाग की टीम एव अन्य सम्बन्धितो के द्वारा आग को कन्ट्रेल किया गया।






दिनांक 05.05.2024 को जिलाधिकारी महोदय द्वारा गंगोत्री धाम को दौरा कर चारधाम यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण किया। यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभागो व संगठनों को गंगोत्री धाम मे श्रद्धालुओ की व्यवस्थाओं के लिए सभी जरुरी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिये एंव चारधाम को लेकर की जा रही तैयारियों की मौके पर सबसे पहले स्वास्थ्य सुविधाओं, यात्री पंजीकरण केन्द्र एंव पार्किग व्यवस्था का जायजा लिया । निरिक्षण के दौरान नियमित रुप से पेयजल की आपूर्ति किए जाने एंव स्ट्रीट लाईट और सफाई कर्मियों की संख्या बढाये जाने के निर्देश दिये।













दिनांक 06.05.2024 डुण्डा रेंज के अन्तर्गत सिंगोट के जंगलो मे आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त हेते ही उक्त स्थान के लिए रेंज अधिकरी एंव अन्य सम्बन्धितो को सूचना से अवगत कराते हुए मौके के लिए रवाना किया गया आग को टीमों के द्वारा काबू किया गया।






दिनांक 06.05.2024 को तहसील मोरी भुटाणु द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को दूरभाष के द्वारा सूचना दी गयी। उक्त स्थान हेतु 108 एम्बुलेंस राजस्व टीम को सूचना से अवगत कराया गया। समय लगभग दोपहर 3:30 बजे मोरी मोटर मार्ग पर स्थान हिसार बैण्ड के पास तेज आंधी तूफान होने से 02 स्कूटी सवार व्यक्ति पर चीड़ को पेड़ गिरने से व्यक्ति पेड़ की चपेट में आने के कारण उक्त व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी उक्त मृतको के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोरी मे भेजा गया





दिनांक 08.05.2024 को प्रातः 10:00 बजे मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता मे आगामी मानसून सत्र 2024 की तैयारियो की समीक्षा वीडियों कान्फ्रेसिंग बैठक की गयी।






दिनांक 08.05.2024 को गंगोत्री धाम एंव यमुनोत्री धाम मे आपदा प्रबन्धन उत्तरकाशी एंव एस0डी0आर0एफ0 उत्तरकाशी की दो टीमो के माध्यम से ड्रोन कैमरे के द्वारा पार्किग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबन्धन, घाट के पास सुरक्षा, संवेदनशील स्थलो भूस्खलन की कवरेज की गयी ।





| | |
|---|---|
|  |  |
|  |  |
| दिनांक 09.05.2024 को धरासू बैण्ड के पास अचानक पहाड़ से पत्थर गिरने सें एक व्यक्ति पत्थर की चपेट मे आने से घायल हुआ जिसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु सीएचसी चिन्यालीसौड लाया गया उक्त व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी |  |
| दिनांक 10.05.2024 को विसनपुर मनेरी के पास जंगल मे आग लगी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा वन विभाग एंव अन्य सम्बन्धितो को सूचना से अवगत कराया गया आग को उक्त टीमो के द्वारा काबू किया गया। |  |

मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उत्तरकाशी द्वारा आम–जनमानस/तीर्थ यात्रियों को सूचना डिस्प्ले आदि विभिन्न माध्यमों से समय–समय पर प्रचार प्रसार किया जा रहा हैं




दिनांक 11.05.2024 को यमुनोत्री मार्ग पर जाम की समस्या के समाधान के लिए यातायात को विनियमित कर वन–वे व्यवस्था लागू की गयी आधिक संख्या मे वाहनो के पहुंचने के कारण पालीगााड क्षेत्र मे वाहनो को रोका गया वाहनो मे सवार यात्रियो लिए जलपान/भेजन की व्यवस्था कि गयी









दिनांक 13.05.2024 को अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा यात्रा कंट्रोल रुम जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र मे उपस्थित रहते हुए चारधाम यात्रा 2024 के दृष्टिगत श्री गंगोत्री धाम एंव श्री यमुनोत्री धाम की CCTV के माध्यम से यात्रा मार्गो, पर्किग, स्नाानघाट, मन्दिर प्रांगण आदि महत्वपूर्ण स्थलों की लाईव मॉनिटरिंग से निरीक्षण किया गया।





दिनांक 13.05.2024 को जिलाधिकारी महोदय द्वारा चारधाम यात्रा के दौरान आवश्यक व्यवस्था से सम्बन्धित बैठक आहूत कर सम्बन्धित अधिकारीयों को तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये विभिन्न स्थानों पर रुकवाये गये यात्रियो के भेजन, पानी आदि आवश्यक व्यवस्था सहित स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।










चारधाम यात्रा को तहत श्री यमुनोत्री व श्री गंगोत्री धाम मे अधिक से अधिक संख्या मे यात्रियों का आवागमन होने के कारण गंगोत्री धाम यात्राा के विभिन्न पड़ावो उत्तरकाशी, हिना, मनेरी, गंगनानी, सुक्की आदि स्थानो पर ट्रोफिक रुका होने के करारण उक्त स्थानो पर यात्रियो की सुविधा हेतु शौचालय की उपलब्धता सहित भोजन/पानी/मेडिकल सुविध आदि व्यवस्था की गयी उक्त स्थानों पर अधिकारी भी तैनात किये गये।















दिनांक 15.05.2024 को समय देपहर 12:49 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सोनगाड़ के पास एक टेम्पो ट्रेवल्स रोड पर पलटने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही 108 एम्बुलेंस, तहसीलदार भटवाडी, पुलिस को सूचना से अवगत कराते हुए घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। उक्त वाहन मे 15 लोग सावार थे जिनमे से 09 को सामान्य घायल हुए जिन्हे पी0एच0सी0 भटवाडी भेजा गया। बाकी यात्री सुरक्षित थे। 09 धायलो को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पाताल उत्तरकाशी रेफर किया गया।










दिनांक 15.05.2024 को सचिव मुख्यमंत्री ने गंगोत्री धाम एंव यमुनोत्री धाम की यात्रा व्यवस्थाओं की आईटीबीपी मातली मे समीक्षा बैठक ली और निर्देश दिये कि बिना पंजीकरण धामों की यात्रा करने वाले यात्रियो को चेकिग बैरियर से वापस भेजे इसके अलावा पंजीकरण तिथि से पहले और बाद मे भी पंजीकरण स्वीकार नही किया जाए एंव कन्ट्रेल रुम के फोन न0 का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें एंव हर्षिल, धराली, भैरवधाटी और गंगोत्री धाम मे यात्रा व्यवस्था देखी









श्री यमुनोत्री धाम एंव गंगोत्री धाम मे आये श्रद्धालुओ को गेट सिस्टम के तहत रुकने के दौरान प्रशासन द्वारा निशुल्क भोजन, पानी आदि नियतिम रुप से वितरित किया गया।







दिनांक 16.05.2024 को माननीय मुख्यमंत्री जी अध्यक्षता मे चारधाम यात्रा के अंतर्गत आने वाले जनपदों के जिलाधिकारी महोदय के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस्रिग के माध्यम से बैठक आहूत की गयी जिसमें मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा चार धाम यात्रा को और अधिक सुगम एंव सुव्यवस्थित बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।







दिनांक 12.05.2024 को मुख्यमंत्री जी ने यमुनोत्री भ्रमण के दौरान तीर्थयात्रियों से मिले और यात्रा के बारे मे वार्ता की एंव यात्रियो को पंजीकरण तथा वाहनों की नियंत्रित आवाजाही की व्यवस्था के बारे मे बताया यमुनोत्री मार्ग मार्ग पर बडकोट के निकट दुबाटा मे यात्री पंजीकरण एंव जॉच केन्द्र तथा होल्डिंग प्वाईट पर जाकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली एंव मुख्यमंत्री जी द्वारा यमुनोत्री मार्ग पर खरादी होते हुए पालीगाड तथा सड़क मार्ग से निरीक्षण किया गया।





दिनांक 16.05.2024 रात्रि 8:50 बजे रेंज अधिकारी मुखेम द्वारा आपातकालीन परिचालन केन्द्र को सूचना से अवगत कराया गया बड़ेथी के पास पोखू देवता मंदिर के पास आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही उक्त के लिए फायर सर्विस और क्यू0 आर0 टी0 टीम को रवाना किया गया। आग पर उक्त टीमो के द्वारा रात्रि 9:43 बजे सुचारु किया गया।






चारधाम यात्रा 2024 के दृष्टिगत यात्रा कंट्रोल रुम/जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा श्री यमुनोत्री धाम एंव श्री गंगोत्री धाम मे की CCTV के माध्यम से मार्गो, एंव पार्किंग, स्नानघाट, मंदिर प्रांगण, यात्री पंजीकरण सेंटर व अन्य महत्व पूर्ण स्थलों की लाईव मॉनिटरिग की जा रही है।














दिनांक 16.5.2024 को धरासू रेंज के ग्राम कंडी के पास जंगल मे आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त हुयी उक्त के सम्बन्ध मे वन विभाग मास्टर कंट्रोल रुम एंव फॉरेस्ट की टीम मौके पर रवाना किया गया आग को टीमो के द्वारा काबू किया गया।





दिनांक 17.05.2024 को डांग पोखरी के जंगलो मे आग लगने की सूचना जनपद आपामकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान के लिए वन विभाग, फायर सर्विस एंव आपदा प्रबन्धन से क्यू0आर0टी0 टीम रवाना हुयी।







दिनांक 18.05.2024 को तिलोथ पावर हाउस बैण्ड के पस मलवा आने तथा पानी का रिसाव होने के कारण वाहनों के आवागमन मे कटिनाई हो रही थी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित लोक निर्माण विभाग भटवाडी एंव यू0जे0वी0एन0एल0 तिलोथ को अवगत कराया गया।





दिनांक 19.5.2024 को मातली के आस पास पेड़ गिरने के कारण बडकोट तथा पुरोला की विघुत व्यवस्था बाधित हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा विद्युत विभाग एंव अन्य समबन्धित को सूचना से अवगत कराया गया एंव एस0डी0आर0एफ0 को पेड़ काटने हेतु अवगत कराया गया उक्त स्थान पर टीमो के द्वारा विद्युत व्यवस्था को सुचारु किया गया।








दिनांक 18.05.2024 को एक व्यक्ति भागीरथी नदी मे नहाते समय तिलोथ पुल से नदी मे बहने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही पुलिस को सूचना से अवगत कराया गया पुलिस के द्वारा खोजबीन की लापता व्यक्ति को कोई पता नही चल पाया । पुनः 19.04.2024 को उक्त लापमा व्यक्ति को सर्च अभियान एन0डी0आर0एफ0, पुलिस एंव आपदा प्रबन्धन की क्यू0आर0टी0 टीम द्वारा सर्चिग की गयी खराब मौसम होने के कारण सर्च अभियान रोकना पड़ा। 19.04.2024 को एन0डी0आर0एफ0, पुलिस एंव आपदा प्रबन्धन क्यू0आर0टी0 टीम /मास्टर ट्रेनर द्वारा सर्चिंग की गयी।















## उत्तराखण्ड

### उत्तरकाशी भागीरथी नदी में व्यक्ति बहने की घटना, खोजबीन जारी

पहाड़ की वाणी संवाददाता
ठाकुर सुरेंद्र पाल सिंह

उत्तरकाशी 18 मई 2024 को दोपहर करीब 1:30 बजे, तिलोथ पुल के समीप से आकाश नामक 30 वर्षीय व्यक्ति (निवासी गोलचक्कर लोनी रोड, दिल्ली) के भागीरथी नदी में बह जाने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र उत्तरकाशी को प्राप्त हुई। इस सूचना के आधार पर, पुलिस और अन्य सर्च रेस्क्यू दलों ने नदी के दोनों ओर से खोजबीन शुरू की, परंतु लापता व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया। 19 मई 2024 को, आपदा प्रबंधन अधिकारी उत्तरकाशी के निर्देशन में, एन.डी.आर.एफ टीम, पुलिस, और आपदा प्रबंधन मास्टर ट्रेनर/क्यू.आर.टी टीम के साथ मिलकर भागीरथी नदी में सर्च अभियान पुनः प्रारंभ किया गया। लेकिन मौसम खराब और तेज बारिश होने के कारण सर्च अभियान को रोकना पड़ा। इस खोजबीन के दौरान, भागीरथी नदी में बहे व्यक्ति का अभी तक पता नहीं चल पाया है। परिजन भी जोशियाड़ा बैराज के समीप उपस्थित रहे। इस दुखद घटना के बाद, स्थानीय समुदाय और प्रशासन ने नदी के किनारे सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की मांग की है। नदी के आसपास के क्षेत्रों में चेतावनी संकेत और सुरक्षा बाड़ लगाने के साथ-साथ आपातकालीन बचाव उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने नदी के किनारे रहने वाले निवासियों और पर्यटकों को नदी के प्रति सचेत रहने और अत्यधिक बारिश या बाढ़ के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। साथ ही, नदी के किनारे खतरनाक स्थानों पर जाने से बचने के लिए भी कहा गया है। इधर बीच, लापता व्यक्ति के परिजनों ने स्थानीय प्रशासन और सर्च टीमों से उम्मीद जताई है कि वह जल्द उनके प्रियजन का पता लगाने में अपनी खोजबीन तेज करेंगे।
समुदाय के लोगों ने भी इस खोजबीन में सहयोग की पेशकश की है। उत्तरकाशी के आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि खोजबीन में सबसे बड़ी बाधा मौसम का साफ न होना एवं तेज बारिश है। कल मौसम साफ होने की संभावना है, और तब सर्च अभियान को और अधिक तीव्रता से जारी रखा जाएगा।

दिनांक 20.05.2024 को गंगोत्री धाम मे आपदा प्रबन्धन उत्तरकाशी टीम के माध्यम से ड्रोन कैमरे के द्वारा पार्किंग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबन्धन, घाट के पास सुरक्षा, संवेदनशील स्थलो भूस्खलन की कवरेज की गयी ।










दिनांक 22.05.2024 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सुक्की टॉप के पास एक यूटिलिटी वाहन दुर्धटनाग्रस्त होने की सूचना जनपद आपातकालीन को प्राप्त होते ही 108 एम्बुलेंस, एस0डी0आर0एफ0 टीम भटवाडी को सूचना से अवगत कराते हुए घटना स्थल के लिए रवाना किया उक्त वाहन मे 04 लोग मे सवार थे जिसमें से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी 03 लोग घायल थे जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्यालय लाया गया।





दिनांक 22.05.2024 मानसून की पूर्व तैयारी को लेकर जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक ली अतिवृष्टि और भूस्खलन की दशा मे अवरुद्व होने वाली सड़को को तुरत खोले जाने के लिए सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। एंव संवेदनशील स्थालों पर मशीनों एंव मानव संसाधन की निंरतर तैनाती रखने के निर्देश दिये आपूर्ति विभाग के मानसून को देखते हुए दूरस्त खाद्यान गोदामों मे प्रर्याप्त मात्रा मे स्टॉक रखे जाने और संचार व्यवस्था को सुचारु रखने आादि निर्देश दिए गये।





दिनांक 22.05.2024 को सांय 5:30 बजे तहसील चिन्यालीसौड अन्तर्गत गढ़वालगाड़ मे अत्यधिक वर्षा होने के कारण मलबे मे बेंल और भैंस के दबे होने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त हुयी उक्त स्थाने के लिए तहसीलदार, राजस्व टीम, एस0डी0आर0एफ0, आपदा प्रबन्धन टीम क्यू0आर0टी0, पशु चिकित्या एंव होमगार्ड/पीआरडी जवान घटनास्थल पर पंहुचकर स्थानीय स्तर के लोगो के साथ संयुक्त रुप से मिलकर सभी लोगो ने मलबे मे दब पशुओं को रात्रि 12:30 बजे सकुशल बाहर निकाला गया। घटना स्थल के समीपके मकान मे भी मलवा एंव पानी गया परंतु कियी प्रकार की कोई जनहानि नही हुयी।








दिनांक 25.05.2024 को एन.डी.आर.एफ. एंव एस0डी0आर0एफ0 गोताखोर टीम चिन्यालीसौड क्षरा भागीरथी नदी मे जोशियाडा बैराज एंव तिलोथ पुल के समीप नदी के किनारे लापता व्यक्ति(18.05.2024) का सर्च/खोजबीन कार्य किया गया परन्तु लापता व्यक्ति का पता नही चल पाया।










दिनांक 24.05.2024 को अग्निशमन अधिकारी के पत्र के कम मे जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एक दिवसीय आपदा सम्बन्धि प्रशिक्षण/सेटेलाईट फोन संचालन विधि/खोज बचाव उपकरणों की जानकारी /प्राथमिक उपचार तथा रेस्क्यू से संबन्धित मॉक अभ्यास किया गया ।








दिनांक 27.05.2024 को प्रातः 11:00 बजे तहसील मोरी के ग्राम सालरा आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही तत्काल उपजिलाधिकारी पुरोला, आर.के. पुरोला, एस0डी0आर0एफ, पुलिस,वनविभाग, राजस्व टीम चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी और फायर सर्विस को सूचना से अवगत कराते हुए मौके के लिए रवाना किया गया उक्त स्थान पर एक भवन तोडकर आग को ब्रेक किया गया। श्री अनिल सिंह पुत्र रणवीर सिंह के आवासीय मकान मे शार्ट सर्किट होने के कारण 10 आवासीय मकान पूर्ण क्षतिग्रस्त तथा 04 आवासीय मकान आंशिक क्षतिग्रस्त और 01 कुठार जलकर क्षतिग्रस्त हुए आग मे 05 लोग हल्के झुलस गये। 01 धायल को सी0एच0सी0 मोरी में भेजा गया। जल संस्थान के द्वारा पानी सुचारु किया गया

प्रेषक,

तहसीलदार,
मोरी।

सेवामें,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

संख्याः– 500 /र0का0–प्रा0आ0/2023–24 दिनांक 28 मई, 2024

विषयः– **दिनांक 27.05.2024 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम सालरा में हुये अग्निकांड के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक दिनांक **27.05.2024** को प्रातः 11:00 बजे ग्राम सालरा तहसील मोरी में श्री अनिल सिह पुत्र रणवीर सिह के आवासीय मकान मे सार्ट सर्किट होने से लगी आग से आसपास के 10 पूर्ण क्षतिग्रस्त आवासीय मकानों में निवासरत 22 परिवारों के आवासीय मकान एवं मकान में रखे बर्तन, कपडे, खाद्यान्न, धरेलू सामान, सोना–चांदी, अभिलेख आदि आग में जलकर नष्ट हुये है, जिसके लिए उपरोक्त 22 परिवारों को अहेतुक सहायता प्रति परिवार ₹ 5000-00 के अतिरिक्त दिनांक 27/28.05.2024 को निम्नवत राहत सामग्री प्रति परिवार उपलब्ध करायी गयी है।

| क.सं. | प्रभावित व्यक्ति का नाम | पिता/पति का नाम | प्रति परिवार वितरित सहायता/सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|
| 01 | गंगा सिह | ज्ञान सिह | **1– राशन किट–** (चावल–10कि0,आटा–10कि0, दाल–02कि0, तेल–01ली0, नमक– 01कि0, मसाला–250ग्रा0, चीनी–1कि0, चायपति–100ग्रा0, कैन्डील–1 पैकेट, माचिस–1 साबुन–1)<br>**2– बर्तन किट–** (प्रेशर कुकर–1, पतीली–1, करछी–1, थाली–2, कटोरी–2, गिलास–2, बाल्टी–1, लोटा–1)<br>**3– बिस्तर किट–**(कम्बल–2, रजाई–1, गददा–2)<br>**4– तिरपाल– 1** |
| 02 | प्रकाश सिह | ज्ञान सिह | |
| 03 | देवाशीष | शिव सिह | |
| 04 | शीव सिह | कलम सिह | |
| 05 | प्रताप सिह | महिमानन्द | |
| 06 | कलमी देवी | महिमानन्द | |
| 07 | किताब सिह | महिमानन्द | |
| 08 | जाजमणी | शूरवीर सिह | |
| 09 | सत्यपाल सिह | शूरवीर सिह | |
| 10 | मुन्ना सिह | शूरवीर सिह | |
| 11 | श्रीमती मंगलीदेवी | अमर सिह | |
| 12 | भूपेन्द्र सिह | जोगी सिह | |
| 13 | रणवीर सिह | जोत सिह | |
| 14 | अनिल सिह | रणवीर सिह | |
| 15 | अजयपाल सिह | रणवीर सिह | |
| 16 | जयेन्द्र सिह | जोत सिह | |
| 17 | मेम्बर सिह | जोत सिह | |
| 18 | हरदयाल | सुन्दर सिह | |
| 19 | अरविन्द सिह | सुन्दर सिह | |
| 20 | प्रमोद सिह | हरदयाल सिह | |
| 21 | सुरतमा देवी | विकम सिह | |
| 22 | कपिल सिह | विकम सिह | |

क्रमशः–2

(2)

उपरोक्त राहत सामग्री के अतिरिक्त प्रभावितों की मांग पर 1– शिव सिह पुत्र कमलसिह 2– प्रताप सिह पुत्र महिमान्द 3–रणवीर सिह पुत्र जोत सिह 4– जयेन्द्र सिह पुत्र जोत सिह 5– हरदयाल सिह पुत्र सुन्दर सिह को 01–01 टेन्ट भी उपलब्ध कराया गया है ।

प्रभावित परिवारों को अस्थायी रूप से निवास हेतु ग्राम सालरा के राजकीय प्राथमिक विघालय भवन को रहने हेतु खोला गया है, किन्तु प्रभावित परिवार वर्तमान में ग्राम सालरा मध्ये बदाऊ एवं तल्ला बदाऊ तोक में स्थित अपने आवासीय प्रयोजन की पक्की निर्मित गौशालाओ में निवास कर रहे हैं। प्रभावितों की रहने की कोई समस्या नही है।

ग्राम सालरा में आज स्वास्थय विभाग की एक टीम ग्रामवासियो के स्वास्थय परीक्षण हेतु गयी, जिसने प्रभावितों/ग्रामवासियों का स्वास्थय परीक्षण किया है। जल संस्थान के कनिष्ट अभियन्ता ने अपनी टीम के साथ आज ग्राम सालरा में जाकर पुरानी पेयजल लाईन से पेयजल आपूर्ति सुचारू की है। तथा विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा भी गॉव में जाकर विद्युत आपूर्ति सुचारू करने हेतु कार्य किया जा रहा है। वेप्कोस कम्पनी के अभियन्ताओं के द्वारा ग्राम सालरा की निर्माणाधीन सडक का भी आज निरीक्षण किया गया है।

अतः रिर्पोट सेवामें सादर प्रेषित।

भवदीय,

तहसीलदार,
मोरी।























दिनांक 27.05.2024 दोपहरा 1:51 बजे को मनेरा बाईपास के जंगल मे आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान के लिए वन विभाग रेंज अधिकारी और फायर सर्विस को सूचित किया गया। आग को कंट्रेल किया गया।



दिनांक 27.04.2024 रात्रि 10:09 बजे को कुटेटी के जंगल मे आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान के लिए वन विभाग रेंज अधिकारी को सूचित किया गया। रात्रि 10:39 बजे आग को कंट्रेल किया गया।







दिनांक 27.04.2024 का दीपक कुमार वशिष्ट पुत्र श्री मुकुट बिहारी वशिष्ट यमुनोत्री धाम के स्यानाचट्टी के पास सुबह 9:00 बजे करीब यमुना नदी मे नहाते समय नदी मे बहने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही एस0डी0आर0एफ0 बडकोट, पुलिस को सूचना से अवगत कराया गया उक्त टीमो के द्वारा खोजबीन की गयी परन्तु लापता व्यक्ति का पता नही चल पाया दिनांक 28.05.2024 को प्रातः 7:30 बजे एस0डी0आर0एफ0 बडकोट, पुलिस चौकी स्यानाचट्टी के द्वारा खोजबीन की गयी परिजनो के द्वारा गोताखोर टीम की मांग कर टीम द्वारा 29.05.2024 को लापता व्यक्ति की स्यानाचट्टी से खरादी तक खोजबीन की गयी परन्तु लापता व्यक्ति का पता नही चल पाया।














दिनांक 28.04.2024 को दोपहर 3:00 बजे राजस्व बनचौरा द्वारा अवगत कराया गया कि चिन्यालसौड किे ग्राम खदाडा पट्‌टी दशगी के श्री बचन सिंह पुत्र श्री शेर सिंह बकरी चुगाने हेतु पत्थरखोल नामे तोक मे गये थे जिहा पर वह जंगल की आग से झुलस गये जिसे उपचार हेतु प्राथमिक स्वस्थय केन्द्र बनचौरा भेजा गया उक्त जंगल की आग से 14 बकरियां व 01 कुत्ता आग मे जलने के कारण मृत्यु हो गयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राजस्व उप निरीक्षक घटना स्थल के लिए रवाना किया गया।





दिनांक 28.04.2024 को तहसील चिन्यालीसौड के ग्राम चिलोट पट्‌टी बिष्ट के श्री त्रिलोक सिंह पुत्र हुकम सिंह के अवसीय मकान मे आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही राजस्व टीम को सूचित किया गया । मकान का एक कमरा पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हुआ तथा कमरे मे रखा सामान विस्तर, वर्तन आदि जलकर नष्ट हुए अन्य किसी प्रकार की कोई जन –पशु हानि नही हुयी है।

दिनांक 28.05.2024 को तहसील बडकोट के ग्राम जेस्टाडी पट्‌टी बनाल मे एक आवासीय तीन मंजिला मकान के तीसरी मंजिल पर स्थित आजाद, कपिल,अनिल के संयुक्त कीचन मे गैस सिलेण्डर पर आग लगने से किचन मे रखा खाद्यान, कपड़े, वर्तन आदि जलकर नष्ट हुए जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितो से समन्वय किया गया। प्रभावित परिवार को अहेतुक सहायता मद मे सहायता वितरित की गयी।




दिनांक 28.04.2024 रात्रि 8:56 बजे को पोखरी सिविल  जंगल मे आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान के लिए वन विभाग रेंज अधिकारी, फासी सर्विस, पुलिस को सूचित किया गया। रात्रि को  आग को कंट्रेल किया गया।







दिनांक 28.04.2024 रात्रि 8:30 बजे को ज्ञानसू के मेंणागार्ड नाप खेत भूमि मे आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान के लिए वन विभाग रेंज अधिकारी को सूचित किया गया। रात्रि को 9:00 बजे आग को कंट्रेल किया गया।




दिनांक 28.04.2024 को ब्रहमखाल क्षेत्र जसपुर तथा डांग गांव के जंगल मे वन आग्नि की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त हुयी उक्त स्थान के लिए वन विभाग को सूचना से अवगत कराया गया। एंव चिन्याली सौड अन्तर्गत धारकोट वीट के अंतर्गत कं0स0 1 व 2 एंव 4 मे तथा दशागी दिवारीखोल अनुभाग मे वनाग्नि की सूचना प्राप्त होते ही फायर टीम एंव ग्रामीणो की मदद से कंट्रेल किया गया।






दिनांक 29.05.2024 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान हनुमान चट्टी बनास के पास एक यूटिलिटी वाहन दुर्धटनाग्रस्त हाने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालान केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान के लिए 108 एम्बुलेंस, एस0डी0आर0एफ0 को घटना स्थल क लिए रवाना किया गया। वाहन मे कुल 04 लोग सवार थें जिसमें से वाहन चालक की घटना स्थल मृत्यु हो गयी। 03 व्यक्ति सामान्य घायल हुए जिन्हे 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र बडकोट भेजा गया।





दिनांक 29.05.2024 को राडी टॉप के पास जंगल मे आग लगने की सूचना प्राप्त हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थाप के लिए वन विभाग, एस0डी0आर0एफ0 के द्वारा आग को काबू किया गया एंव आग लगने के कारण वाहनों को सुरक्षा की दृष्टिगत वाहनो को सुरक्षित स्थान पर रोका गया। उक्त टीमो के द्वारा आग पर काबू किये जाने पर मार्ग यातायात हेतु सुचारु किया गया।







दिनांक 29.05.2024 को सचिव सीनियर जज (सी0 डि0) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तरकाशी के पत्र के क्रम मे जिला न्यायालय परिसर मे एक दिवसीय आपदा संबधी/अग्निशमन यंत्रो का संचालन प्राशिक्षण, न्यायालय के अधिकारी/ कर्मचारियों को दिया गया।






दिनांक 29.05.2024 को सांय 6:06 बजे जनपद आपातकालीन परिचालन को रेंज अधिकारी बाडाहाट द्वारा सूचना दी गयी कि गुफियारा के पास वनाग्नि की घटना है जिसे काबू किये जाने हेतु वन विभाग 12 कार्मिक आपादा प्रबन्धन अधिकारी तथा 05 एस0डी0आर0एफ0, 16 एन0डी0आर0एफ0, फायर सर्विस, पुलिस एंव आपदा की QRT टीम के द्वारा रात्रि 2:21 बजे एंव भटवाडी टैक्सी स्टैंड व पैट्रोल पम्प एरिया मे आग को प्रातः 7:7 बजे कंट्रेल किया गया।

















देहरादून, 31 मई, 2024 **गढ़वाल जागरण**

15 हेक्टेयर में फैले श्याम स्मृति वन में प्रताप पोखरियाल ने मार्च से मई तक तीन बार हटाया पिरुल

# पर्यावरण प्रेम के 'प्रताप' से बचा श्याम स्मृति वन

शैलेंद्र गोदियाल • जागरण

उत्तरकाशी: पर्यावरण प्रेमी प्रताप पोखरियाल की तरह तंत्र भी सतर्क होता तो वरुणावत पर्वत पर भभकी आग बेकाबू नहीं होती। इस आग ने भले ही जंगल के बड़े हिस्से को राख कर दिया हो, लेकिन प्रताप की सतर्कता व मेहनत और क्यूआरटी की सक्रियता के कारण वरुणावत की तलहटी में 15 हेक्टेयर में फैले श्याम स्मृति वन को खास नुकसान नहीं पहुंचा पाई। प्रताप ने मार्च से 25 मई के बीच इस वन में तीन बार चीड़ के पिरुल एकत्र कर हटाए। यही वजह रही कि बुधवार रात वरुणावत के जंगल में लगी आग श्याम स्मृति वन तक तो पहुंची, मगर विकराल होने से पहले ही नियंत्रित कर ली गई। पिरुल आग को फैलाने में बारूद का काम करता है।

वरुणावत की तलहटी में प्रताप पोखरियाल वर्ष 2003 से पौधे रोप रहे हैं। इस वन में 10 लाख से अधिक पेड़-पौधे और विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियां हैं। प्रताप का पूरा दिन इसी वन में बीतता है। प्रताप बताते हैं कि बुधवार शाम जब वरुणावत के जंगल में आग लगने की सूचना मिली तो वह बेहद चिंतित हो गए। रात करीब 10 बजे आग श्याम स्मृति वन के निकट पहुंच गई, लेकिन प्रताप पहले ही आग को नियंत्रित करने में जुट गए थे। कुछ देर बाद बाड़ाहाट रेंज से वन विभाग के कर्मचारी भी पहुंच गए। क्यूआरटी के साथ मौके पर गए जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल भी आग बुझाने में जुटे रहे। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रेम पोखरियाल, व्यापारी नेता विष्णुपाल सिंह रावत ने भी सहयोग किया। सुबह चार बजे तक आग पर नियंत्रण पा लिया गया, लेकिन तब तक 100 से अधिक पौधे जल चुके थे। प्रताप पोखरियाल ने बताया कि वरुणावत की चोटी से जलती हुई चीड़ की छेती कई स्थानों पर गिरी, जिससे श्याम स्मृति वन में आग फैली।

पर्यावरण प्रेमी प्रताप पोखरियाल।

**फोटो खिंचवाने वाले नहीं पहुंचे आग बुझाने**

श्याम स्मृति वन में प्रतिदिन शहर के लोग फोटो खिंचवाने पहुंचते हैं। बुधवार रात जब जंगल में फैली आग श्याम स्मृति वन तक पहुंची तो ऐसे लोग मदद को आगे नहीं आए। प्रताप ने बताया कि कई लोग छत से आग के विकराल रूप को देखते रहे, परंतु उसे बुझाने में मदद करने के लिए कुछ ही लोग बाहर निकले।

श्याम स्मृति वन के पास आग बुझाते आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल • जागरण

दिनांक 29.05.2024 को रात्रि 8:53 बजे मातली कक्ष संख्या 2 मे तूफान से हाइट टेंशन टूटने के कारण आग लगी जिससे विद्युत विभाग को अवगत कराया गया आंधी तूफान से आग फैल गयी फायर टीम एंव वन विभाग की टीम के द्वारा आग को रात्रि 11:14 बजे कंट्रेल किया गया।



| | |
|---|---|
| दिनांक 29.05.2024 को समय करीब 12 बजे रात्रि को तहसील बडाकोट के ग्राम डाण्डागांव की सीमान्तर्गत चन्दुकवाई नामे तोक मे श्री सरदार सिंह पुत्र लाखी सिंह की गौशाला मे जंगल से लगी आग से गौशाला पूर्ण रुप से जलकर क्षतिग्रस्त हुयी गौशाला के अन्दर बंधी 02 दुधारु गाय मौके पर ही जलकर मृत्यु हो गयी उक्त घटना प्राकृतिक आपदा के अन्तगत घटित हुयी। |  |

दिनांक 30.05.2024 को तहसील पुरोला ग्राम डैरिका मध्ये मोरी –पुरोला मोटर मार्ग के बिस्कुडी खड्ड के पास अचानक आंधी तूफान से मोरी से पुरोला की तरफ आ रही ओल्टो वाहन के उपर चीड़ का पेड़ गिरने के कारण वाहन मे सवार श्री आजाद पुत्र संजय पैन्यूली उम्र 26 वर्ष की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी एंव श्री विकास जोशी पुत्र श्री कुशल गम्भीर घायल हुआ घायल व्यक्ति को सी0एच0सी0 पुरोला मे प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सको के द्वारा हायर सेंटर रेफर किया गया। मृतक का पंचनामा एंव पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गयी मृतक व्यक्ति के आश्रितो को दैवी आपदा मद के अन्तर्गत अनुमन्य राहत राशि वितरित की गयी।

Lat- 30.923647

Long - 78.095748











दिनांक 30.05.2024 को महीडांडा कक्ष संख्या 2व 3 मे प्रातः11:30 बजे जंगल मे आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र का`प्राप्त हुयी वन विभाग, एन.डी.आर.एफ. एंव आई.टी.बी. पी. के सहयोग से आग को दोपहर 2:30 बजे कंट्रेल किया गया`









दिनांक 30.05.2024 रात्रि 8:30 बजे को नौगांव बाग्यालखेत के पास जंगल मे आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान के लिए वन विभाग रेंज अधिकारी को सूचित किया गया। रात्रि को 9:00 बजे आग को कंट्रेल किया गया।







दिनांक 31.05.2024 को कुटेटी मंदिर के पास सड़क पर पेड गिरने के कारण मार्ग अवरुद्व हु आ जनपद आपदा कंट्रेल रुम से एस.डी.आर.एफ. को सूचित कर पेड को काट कर मार्ग को सुचारु किया गया।





दिनांक 31.05.2024 को प्रातः 10:00 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग एक यात्री वाहन जो यमुनोत्री धाम से श्री गंगोत्री धाम के लिए आ रहे थे अचानक सिल्क्यारा के पास रोड पर पलटने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त होते ही उक्त स्थान के लिए 10 एम्बुलेंस, एस.डी.आर.एफ.बडकोट, पुलिस को सूचना से अवगत कराते हुए घटना स्थल के लिए रवाना किया गया उक्त टीमो ऐव एन.एच.आई.डी.सी.एल. स्थानीय लोग के द्वारा सभी यत्रियों को सकुशल बाहर निकला गया उक्त वाहन मे 40 लोग सवार थे जिनमें से 15 लोगो को हल्की चोट आयी थी जिन्हे उपचार हेतु पी.एच.सी. ब्रहमखाल भेजा गय। 07 घायलो को जिला चिकित्यालय और 01 घायल को हेली के माध्यम से हायर सेंटर ऋषिकेश भेजा गया। एच.एच.आई.डी.सी.एल. द्वारा मशीन के माध्यम से बस को हाटाया गया। सभी यात्री कर्नाटक के थे।










दिनांक 31.05.2024 को दोपहर12 :59 बजे गंगांत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान डबरानी व सोनगाड के मध्य अचानक पहाडी के उपर जंगल की आग से चट्टान एंव पत्थर गिरने से एक बुलोरो, मारुति 800, 01 पल्सर बाईक, जे0सी0बी0 मशीन क्षतिग्रस्त होने के कारण उक्त वाहन मे सवार व्यक्ति एंव राजमार्ग पर भगीरथी नदी के किनारे सुरक्षा दिवार निर्माण कार्य मे कार्यरत बी0आर0ओ0 के मजदूर घायल हुये थे जिसमे से 01 व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गयी तथा 01 महिला बी0आर0ओ0 की मजदूर लापता है। 02 गम्भीर घायलो को हैलीकाप्टर के माध्यम से तथा 01 गम्भीर को एम्बुलेंस से हायर सेंटर देहरादून रेफर किया गया सामान्य घायलो को उपचार राजकी प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र हर्षिल/गंगनानी मे करने के पश्चात जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी लाया गया।

Lat-30.953653

Long - 78.691180




















# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द, उत्तरकाशी।

दूरभाष सं0–01374–222722, 222126, 1077(टोल फ्री) फैक्स सं0–222722 मो0 7500337269
mail-ddmauttarkashi@gmail.com

क्रमसंख्या–मैमो / तेरह–DEOC-IRS / 2024 दिनांक– 31 मई, 2024 समयः–रात्रि 8:30 बजे

आख्याः– पहाडी से भूस्खलन / वोल्डर गिरने के सम्बन्ध में

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th colspan="2">विवरण</th></tr>
<tr><td rowspan="5">1.</td><td colspan="2">दिनाक 31.05.2024 को लगभग अपराह्न 12:20 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थान डबरानी व सोनगाड के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक पहाड़ी के उपर जगंल की आग से चट्टान एवं पत्थर गिरने से बोलेरो वाहन संख्या यू0के014–6146 एवं मारूति 800 वाहन संख्या यू0के07–वी0–3703 एवं 01 पल्सर बाईक संख्या–यू0के0–07–ए0पी0–7496 क्षतिग्रस्त होने के कारण उक्त वाहनों में सवार यात्रियों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर भागीरथी नदी के किनारे सुरक्षा दिवार निर्माण कार्य में कार्यरत बी0आर0ओ0 के मजदूर घायल हुये है जिसमें से 01 व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हुयी है। तथा 01 महिला बी0आर0ओ0 की मजदूर लापता है। 02 गम्भीर घायलों को हैलीकाप्टर के माध्यम से तथा 01 गम्भीर को एम्बूलेंस से हायर सेन्टर देहरादून रेफर किया गया है। शेष सामान्य घायलों का उपचार राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हर्षिल / गंगनानी में करने के उपरान्त जिला चिकित्साल उत्तरकाशी में भेजा गया है।</td></tr>
<tr><td>तहसील</td><td>भटवाड़ी</td></tr>
<tr><td>अक्षांश एवंदेशान्तर (Lat Long)</td><td>Lat-30.953653 Long-78.691180</td></tr>
<tr><td>मृतकों की संख्या (स्त्री,पुरूष एवं बच्चे)</td><td>01 पुरूष</td></tr>
<tr><td>निकटतम हैलीपैड (स्थान तथा दूरी)</td><td>हर्षिल / झाला 20 किमी</td></tr>
<tr><td rowspan="3">2.</td><td colspan="2">मृतको एवं घायलों का विवरणनाम / पता</td></tr>
<tr><td>मृतक</td><td>1.श्री अखिल पुत्र शिवओम सिहं उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम सैज तह0 भटवाड़ी</td></tr>
<tr><td>घायल</td><td>1.श्री सुभाष बोनियाल पुत्र श्री घेमा बोनियाल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कास्टा तह0 कालसी देहरादून। गम्भीर घायल (हेली से हर्षिल से एम्स रेफर)<br>2.श्री गोपाल पुत्र जनक बहादूर उम्र 21 वर्ष निवासी हाल हुर्री गंगनानी तह0 भटवाड़ी। गम्भीर घायल ( एम्बूलेंस से हायर सेन्टर रेफर)<br>3.कु0 बिसाखा पुत्री नितेश उम्र 22 वर्ष निवासी मुज्जफरनगर उत्तर प्रदेश। गम्भीर घायल (हेली से हर्षिल से एम्स रेफर)<br>4.श्रीमती बिना बोनियाल पत्नी श्री सुभाष बोनियाल उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम कास्टा तह0 कालसी देहरादून। सामान्य घायल जिला चिकित्सालय भेजा जा रहा है।<br>5. मास्टर दिव्याशु पुत्र सुभाष उम्र 16 वर्ष निवासी ग्राम कास्टा तह0 कालसी देहरादून। (प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया।)<br>6.मास्टर हिमाशू पुत्र श्री सुभाष उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम कास्टा तह0 कालसी देहरादून। प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया।<br>7.श्रीमती मीरा पत्नी नितेश उम्र 40 वर्ष निवासी मुज्जफरनगर उत्तर प्रदेश(जिला चिकित्सालय में लाया जा रहा है।)<br>8.कु0 राघा पुत्री नितेश उम्र 16 वर्ष मुज्जफरनगर उत्तर प्रदेश (जिला चिकित्सालय में लाया जा रहा है।)<br>9.कु0 बीना पुत्री श्री बीर बहादूर उम्र 21 वर्ष हाल निवासी हुर्री गंगनानी भटवाड़ी। (बी0आर0ओ0 मजदूर) (प्राथमिक उपचार के डिस्चार्ज किया गया।)<br>10.श्रीमती मुंसरा देबी पत्नी श्री किशन बहादूर उम्र 45 वर्ष हाल निवासी हुर्री गंगनानी भटवाड़ी। (बी0आर0ओ0 मजदूर) प्राथमिक उपचार के डिस्चार्ज किया गया।<br>11.श्री दीपक पुत्र श्री मन बहादूर उम्र नामालूम हुर्री गंगनानी भटवाड़ी। (बी0आर0ओ0 मजदूर) (प्राथमिक उपचार के डिस्चार्ज किया गया।)</td></tr>
</table>



| | |
|---|---|
| | 12.श्री रोशन पुत्र श्री भपेन्द्र सिंह उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम जौड़ाव तह0भटवाड़ी (जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में उपचाराधीन)<br>13.श्रीमती कमला देबी पत्नी कापरी उम्र नामालूम हाल निवासी हुर्री गंगनानी तह0 भटवाड़ी बी0आर0ओ0 मजदूर।(लापता है) |
| खोज बचाव दलों एवं उप करण का विवरण | |
| NDRF | NDRF |
| SDRF | SDRF |
| Police | Police |
| Community | Community |
| अन्य | आई0टी0बी0पी0,बी0आर0ओ0,लोक निर्माण विभाग, क्यू0आर0टी0, स्वास्थ्य विभाग,राजस्व विभाग, विकास विभाग,भटवाडी आदि सयुक्त टीम घटना स्थल पर तैनात रहे। |

तिलिपिः— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव महोदय, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. आयुक्त महोदय, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
3. जिलाधिकारी महोदय, उत्तरकाशी।
4. राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र, सचिवालय परिसर, देहरादून

डयूटी प्रभारी,
आपातकालीन परिचालन केन्द्र,
उत्तरक

दिनांक 31.05.2024 को समय करीब 3बजे तहसील भटवाडी के ग्राम डिडसारी के थाला नामे तोक मे श्री बलबीर सिंह राणा पुत्र बिजन सिंह की पक्की गौशाला वनाग्नि से जलकर नष्ट हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र राजस्व टीम को सूचना से अवगत कराया गया गौशाला मे रखा राशन बिस्तर आादि जलकर नष्ट हुए अन्य किसी प्रकार की जन एंव पशुह हानि नही हुयी।



दिनांक 31.05.2024 को साल्ड के जंगल मे आग लगने की सूचना जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को प्राप्त हुयी उक्त स्थान के लिए वन विभाग, फायर सर्विस एंव अन्य सम्बन्धितो से समन्वय कर आग को कंट्रेल किया गया।





**चारधाम यात्रा मार्ग पर यात्राओं की आवश्यक सुविधा हेतु एंव संवेदनशील स्थानों पर पर होर्डिग बोर्ड लगायें गये।**


श्री गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम यात्रा
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तरकाशी द्वारा जनहित में जारी।
HOTEL
DEVBHOOMI


MOTHERHOOD
UNIVERSITY, Roorkee
ENLIGHTENING WORLD
अतिथि देवो भव


श्री गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम यात्रा


ऊपर से पत्थर गिरने का खतरा है
सावधान रहें।
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
जनपद उत्तरकाशी


उत्तराखण्ड शासन
सुगम सुरक्षित
चारधाम यात्रा
2024
गंगोत्री-यमुनोत्री धाम
दर्शन को आने से पहले इन बातों का रखें ध्यान
-क्या आपने धामों के मौसम, यात्रा मार्ग की स्थिति जान ली हैं।
-क्या आपने पंजीकरण करवा लिया है।
-क्या आप सही पंजीकरण की तिथि को जा रहे हैं
-क्या आपने होटल बुक करवा लिया है।
यात्रा हेल्पलाइन के इन नम्बरों पर लें जानकारी
जिला आपदा कंट्रोल रूम- 01374-222722, 222126
टोल फ्री नम्बर- 1077
मोबाइल- 7500337269
व्हाट्सएप- 7310913129
जिला प्रशासन, उत्तरकाशी
dmuttarkashi
dm_uttarkashi
dm.uttarkashi
dmuttarkashi

देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपिः— निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन),उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सचिवाल परिसर, दूहरादून।
4. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (क्रियान्वयन), उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सचिवालय परिसर, दूहरादून।
5. संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ,उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सचिवालय परिसर,देहरादून।
6. अधिशासी निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, देहरादून।
7. जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।
8. अपर जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।